11 जिलों में होगा डिजिटाइजेशन का कार्य

भोपाल-सागर संभाग के अभिलेख का होगा डिजिटाइजेशन

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 29 जून. प्रदेश के नागरिकों को भूमि संबंधी सरकारी अभिलेखों की सहज, त्वरित और पारदर्शी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ पुराने भू-अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण के लिए डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है.

योजना के प्रथम चरण में जबलपुर एवं नर्मदापुरम संभाग के 12 जिलों में लगभग 2.70 करोड़ दस्तावेजों की शत-प्रतिशत स्कैनिंग पूरी कर ली गई है. इन जिलों में डेटा एंट्री का कार्य लगातार जारी है. दूसरे चरण में भोपाल एवं सागर संभाग के 11 जिलों में जुलाई से कार्य प्रारंभ किया जाएगा. इसके लिए संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से राज्य के लगभग 15 करोड़ पुराने भू-अभिलेख रिकॉर्ड का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिसके लिए दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली और डीबीईएस सॉफ्टवेयर विकसित किए जा रहे हैं. वर्ष 2008 में शुरू हुए राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम को एक अप्रैल 2016 से डीआईएलआरएमपी के रूप में पुनर्गठित किया गया था. इसके तहत मॉडर्न रिकॉर्ड रूम (एमआरआर) के तहत पुराने अभिलेखों के डिजिटाइजेशन की रूपरेखा तैयार की गई. योजना के फेज-1 (2013-2020) में लगभग 3,18,82,222 दस्तावेजों और फेज-2 (2021-22) में लगभग 2,39,24,462 दस्तावेजों की स्कैनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. अब फेज-3 के तहत 15 करोड़ रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है. परियोजना में जिला स्तर पर अत्याधुनिक स्कैनिंग केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं. दस्तावेजों की सुरक्षित स्कैनिंग, मेटा-डाटा एंट्री और भोपाल में डीबीईएस आधारित डबल-बाइंड डेटा एंट्री की व्यवस्था की गई है. आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र के पटवारी द्वारा ऑनलाइन गुणवत्ता परीक्षण किया जाएगा. अंतिम रूप से सत्यापित रिकॉर्ड 'भूलेख पोर्टल' पर ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे.

> भू-अभिलेखों के डिजिटाइजेशन से राजस्व व्यवस्था अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी. साथ ही नागरिकों को अपने भूमि रिकॉर्ड ऑनलाइन देखने और प्राप्त करने में आसानी होगी. इससे भूमि अभिलेखों का सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित होने के साथ राजस्व सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में भी वृद्धि होगी.

विहिप की फंडिंग पर दिग्विजय ने मांगा जवाब

भोपाल/बड़वानी. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने प्रदेश में कथित भ्रष्टाचार, अवैध खनन, भूमि उपयोग परिवर्तन, धार्मिक संस्थाओं की वित्तीय पारदर्शिता तथा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे मुद्दों पर सरकार से सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की है.

दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा लगाए गए भूमि आवंटन संबंधी आरोपों के दस्तावेजों की जांच कराने पर यह सामने आया कि संबंधित भूमि एक सरकारी ट्रस्ट को आवंटित की गई है, जिसके पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते हैं. उन्होंने कहा कि इस तथ्य से स्थिति स्पष्ट हो गई है, लेकिन इससे प्रदेश में सामने आ रहे अन्य गंभीर मामलों से ध्यान नहीं हटना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध रेत खनन, अवैध शराब कारोबार, कृषि भूमि का व्यावसायिक उपयोग के लिए परिवर्तन तथा सड़क निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें लगातार मिल रही हैं.

आवश्यकता पड़ने पर पीआईएल दायर की जाएगी

दिग्विजय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की वित्तीय पारदर्शिता पर भी सवाल उठाते हुए उनकी आय-व्यय व्यवस्था सार्वजनिक करने की मांग की. उन्होंने राम मंदिर में श्रद्धालुओं से प्राप्त चंदे के कथित दुरुपयोग के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की तथा कहा कि विधि विशेषज्ञों से परामर्श के बाद आवश्यकता पड़ने पर जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की जाएगी.

आज 30 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

भोपाल, 29 जून. मध्यप्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और मौसम विभाग ने मंगलवार शाम तक प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है.

रीवा, सीधी, सिंगरौली, सतना, शहडोल, डिंडोरी, मंडला, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, खंडवा, बड़वानी, खरगोन और श्योपुर समेत कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं भोपाल, सीहोर, रायसेन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, भिंड और कुछ अन्य जिलों में भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है.

पिछले 24 घंटे के मौसम पर नजर डालें तो प्रदेश में सबसे अधिक 76 मिमी बारिश मंदसौर में दर्ज की गई. इसके अलावा सुवासरा में 66 मिमी, राघौगढ़ में 64 मिमी और पांढुर्णा में 56 मिमी बारिश हुई. भोपाल में इस दौरान 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली और गरज-चमक और हल्की बारिश दर्ज की गई.

मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने की गतिविधियां बनी रह सकती हैं. कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की गई है. ऐसे में निचले इलाकों में रहने वाले लोगों और किसानों को विशेष सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

बिजली के खंभों से दूर रहें

> मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सक्रिय मानसूनी सिस्टम और अलग-अलग स्तर पर बने ट्रफ के कारण अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं. विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है.

पेज एक का शेष

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सुगबुगाहट शुरू

पंजाब चुनाव को ध्यान में रखते हुए तरूण चुघ या राघव चड्ढा, उत्तर प्रदेश चुनाव को ध्यान में रखते हुए दो ओबीसी व एक दलित चेहरा को बतौर राज्यमंत्री की जिम्मेदारी दी जा सकती है. इसके अलावा गठबंधन सहयोगी जदयू से संजय झा तथा शिवसेना शिंदे गुट से श्रीकांत शिंदे को मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है. सूत्रों की माने तो जिन मंत्रियों की छुट्टी होगी उनमें से कुछ वरिष्ठतम नेताओं को आगामी महीनों में खाली हो रहे कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड के राज्यपालों के पदों पर समायोजित किया जा सकता है.

पीएम मोदी ने नवशक्ति विनायक मंदिर में की पूजा

पीएम मोदी सेशेल्स के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं. इस वर्ष सेशेल्स अपनी स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है और यह भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की भी 50वीं वर्षगांठ है. इन विशेष अवसरों को यादगार बनाने के लिए, भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों ने सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय परेड में भाग लिया. भारतीय टुकड़ी में असम राइफल्स, भारतीय नौसेना और भारतीय नौसेना की मार्चिंग बैंड के जवान शामिल थे, जो दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रक्षा साझेदारी को दर्शाते हैं. समारोह के अंतर्गत और स्थापित परंपरा के अनुरूप, भारतीय नौसेना के जहाज तरकश और इक्षक पोर्ट विक्टोरिया पर पहुंचे.

यूसीसी को लेकर सीएम ने राज्यपाल को दिया ब्यौरा

इसमें उनके अधिकारों की रक्षा होगी, लेकिन ऐसे मामले जिसमें जनजाति वर्ग से कोई व्यक्ति बाहर निकलकर कोई दूसरा धर्म अपना लेता है तो फिर उस पर भी यूसीसी के प्रावधान लागू होंगे. धर्म बदल लेने के बाद जनजाति वर्ग के विशेषाधिकार के दायरे से वे बाहर हो जाएंगे. बताया जा रहा है कि सीएम इस मामले में राज्यपाल की आशंकाओं का समाधान किया, साथ ही यह भी बताया कि यूसीसी के लिए गठित उच्च अधिकार समिति 5 जुलाई को रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप देगी, उसके बाद इस संबंध में विधेयक तैयार होगा, जिसे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ही सदन में पेश करने की तैयारी है.

दुष्कृत्य के फरार आरोपी को सिरमौर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिरमौर 29 जून, पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा डॉ गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व श्रीमान एसडीओपी महोदय सिरमौर प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा बलात्कार के मामले में फरार 3000 रू के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया जहां से आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है। दिनांक 09.04.26 को फरियादिया द्वारा थाना सिरमौर उपस्थित आकर आरोपी व उसके

अन्य दो साथियों के विरुद्ध गलत काम करने संबंधित रिपोर्ट पर थाना सिरमौर में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश की जा रही थी जो मामले का एक आरोपी पुलिस के पकड़े जाने के डर से तीन महीनों से लगातार फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 3000 रुपये की इनाम उदघोषणा की गई थी को दिनांक 29.06.26 को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की गई जो उपरोक्त जुर्म स्वीकार किया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है।मामले के अन्य दो आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके है। इस कार्य में थाना प्रभारी सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी, आर.कैलाश सोलंकी,आर अजय चौहान,आर वीपेंद्र कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर संपत्ति कर में छूट

इंदौर. गिरते भू जल स्तर को लेकर नगर निगम ने रहवासियों और मकान मालिकों के लिए अभिनव पहल की है. यदि मकान मालिकों द्वारा वर्षा जल संरक्षण के लिए घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाता है तो नगर निगम ऐसे मकान मालिकों को संपत्ति कर में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज शहर में गिरते भू जल स्तर को रोकने के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की पहल की है.

विस की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की बैठक

भोपाल. विधानसभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति की प्रथम परिचयात्मक बैठक समिति के सभापति राजेन्द्र पाण्डेय के सभापतित्व में संपन्न हुई. बैठक में समिति के सदस्यों अभय मिश्रा, सतीश सिकरवार, प्रदीप अग्रवाल एवं विष्णु खत्री ने सहभागिता की. इस अवसर पर सभापति द्वारा समिति की भूमिका, दायित्व एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला गया. इस समिति का मुख्य कार्य महालेखाकार एवं संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा स्थानीय नगरीय निकायों एवं पंचायती निकायों के द्वारा संपादित कार्यों का लेखा परीक्षण कर उनके संबंध में विधान सभा सदन में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

नाम सुधार सूचना

मैं कृष्णा देवी तिवारी पति श्री अयोध्या प्रसाद शर्मा उम्र 75 वर्ष पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम अकौना पोस्ट पोंड़ी जोड़ौरी थाना व तहसील मड़वास जिला सीधी (म.प्र.) की निवासी हूं। मेरे पति श्री अयोध्या प्रसाद शर्मा भारतीय सेना के A.M.C. कोर में पदस्थ थे जिनका सेवानिवृत्ति 01.02.1983 में हो गया था। मेरे पति श्री अयोध्या प्रसाद शर्मा के सेवा पुस्तिका के नामनि में मेरा घरेलू नाम कृपलुआ (KIRPALUiA) जन्म तिथि 01 जुलाई 1947 अंकित हो गया था, जबकि वास्तविक नाम कृष्णा देवी तिवारी जन्म तिथि 01.01.1950 होना चाहिए था। यह कि मैं शपथकर्ता शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि उपरोक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति मुझ शपथकर्ता के ही है। भविष्य में यदि दोनो नाम अलग-अलग व्यक्तियों के पाये जाते है तो उनकी सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी होगी। मेरे पति के सेवा पुस्तिका के नामिनी में कृपलुआ (KIRPALUiA) के बजाय कृष्णा देवी तिवारी अंकित किया जाना उचित है। जिससे भविष्य में पेंशन या अन्य किसी कार्यवाही में विधिक अड़चन न आये जो सुधारा जाना आवश्यक व उचित है।

नाम सुधार सूचना

मै शिवम सिंह बागरी पिता श्री जय सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नं.2 ग्राम पथरौंधा पो.पतवरा जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना हुआ है जिसमें मेरा नाम भूलवस (SHIVAM SINGHBAGRI) दर्ज हो गया है जबकि सही नाम शिवम सिंह बागरी (SHIVAM SINGH BAGRI) है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है. अतः मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज नाम (SHIVAM SINGHBAGRI) के स्थान पर (SHIVAM SINGH BAGRI) सिंह और बागरी के बीच में स्पेस दिया जा कर सही नाम दर्ज करें.

नाम परिवर्तन सूचना

मै द्योषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम AKHTARI BEGAM था जिसे मै बदल कर अब अपना नया (सही) नाम AKHTARI BEGAM KHAN D/O ABDUL MAJID KHAN कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम AKHTARI BEGAM KHAN D/O ABDUL MAJID KHAN के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- 126 WARD NO.16 MAIHAR WARD NO.16 CHANDRA SHEKHAR, AZAD WARD JON 1 NAGAR PALIKA, MAIHAR, DISTRICT MAIHAR (M.P.) है।

Presiding Officer : **सुश्री भानु पंडवार**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC SUC/0000003/2026)
संतोष जैसवाल..... .....वादी
V/s
आम.....प्रतिवादी
Process Id- / 2026 **पेशी दिनांक - 22/07/2026**
प्रेषिती-
(1) आम पता- आम जनता , (2) ब्रांच मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा मैहर पता- पंजाब नेशनल बैंक, शाखा मैहर जिला सतना (म.प्र.), (3) श्रीमती मीना जैसवाल पति महेन्द्र जैसवाल पता- निवासी वार्ड न.14 मिनीलेंड स्कूल के पास मैहर जिला- सतना (म.प्र.)
यह कि प्रार्थी **संतोष जैसवाल** ने आपके विरूद्ध **एम जे सी सक्सेशन** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 25 June 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(भानू पंडवार)
न्यायालय की मुद्रा
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मैहर जिला सतना (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

त्योंथर में बिजली कंपनी की बड़ी कार्रवाई

दो आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटाया

▶ **लापरवाही और आपराधिक शिकायतों पर गिरी गाज**

चाकघाट 29 जूनमध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, त्योंथर के कार्यपालन अभियंता आशीष कुमार बैन ने वितरण केन्द्र रायपुर सोनौरी में पदस्थ दो आउटसोर्स कर्मचारियों को गंभीर शिकायतों के चलते कंपनी के कार्य से तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है।

यह कार्रवाई विधानसभा क्षेत्र त्योंथर के विधायक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा 23 जून 2026 के निर्देश के बाद की गई।जारी आदेश के अनुसार, आउटसोर्स कर्मचारी अभिषेक द्विवेदी पर उपकेन्द्र पड़री में ड्यूटी के दौरान लगातार लापरवाही बरतने, बिना सूचना अनुपस्थित रहने तथा मनमाने ढंग से कार्य करने के आरोप हैं। विभाग के अनुसार उनकी लापरवाही के कारण पड़री एवं सोनवर्षा फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा उपकेन्द्र में प्रवेश कर एबी स्विच ऑन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे प्रशासन और विभागीय अधिकारियों ने अत्यंत गंभीर माना। विभाग का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल बिजली व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि कंपनी की सुरक्षा और साख पर भी प्रश्नचिह्न लगाती हैं।वहीं दूसरे आउटसोर्स कर्मचारी धीरेन्द्र द्विवेदी के विरुद्ध उपभोक्ता बृजेश द्विवेदी को तलवार से जान से

मारने की धमकी देने की शिकायत विधायक की जनसुनवाई में पहुंची थी। शिकायत को गंभीर मानते हुए विधायक ने ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति के कर्मचारी को तत्काल कार्य से हटाने के निर्देश दिए।कार्यपालन अभियंता द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि दोनों कर्मचारियों की कार्यशैली एवं उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों से कंपनी की छवि धूमिल हो रही थी तथा विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसलिए दोनों को कंपनी के कार्य से पृथक करते हुए आउटसोर्स एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि उनके स्थान पर योग्य एवं जिम्मेदार कर्मचारियों की शीघ्र व्यवस्था की जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रह सके और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।विभागीय सूत्रों का मानना है कि यह कार्रवाई अन्य कर्मचारियों के लिए भी स्पष्ट संदेश है कि कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा आपराधिक प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 2645/ई टेंडरिंग/न.पा./2026 — सीधी, दिनांक 29/06/2026

निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_518149_1 दिनांक 30.06.2026	नगर पालिका परिषद सीधी में मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत "पुराने बस स्टैण्ड को नये बस स्टैण्ड में स्थानांतरित करके पुराने बस स्टैण्ड को गिराकर नवीन कामर्शियल शापिंग काम्पलेक्स, पार्किंग, थियेटर, रेस्टोरेंट एवं काफी सेन्टर निर्माण कार्य।"	(1) 18 माह (2) 1084.14 लाख	(1) 30000.00 (2) 542069.00	15.07.2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी

कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म0प्र0)

N.I.T क्र. 06 (E.T.)/ निर्माण/न.पा.नि./2026-27 — सतना, दिनांक 22.06.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	निविदा क्र.व जारी दिनांक	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	वार्ड क्र.	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की समयावधि
01	06/01 22.06.2026	2026_UAD_516966_1	बिटुमन रोड कार्य विभिन्न स्थानों में (Zone-4)	12 to 21	83,70,300/-	83,800/-	10,000/-	02 माह
02	06/02 22.06.2026	2026_UAD_516967_1	सी.सी. रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में	22	70,17,880/-	70,200/-	10,000/-	03 माह
03	06/03 22.06.2026	2026_UAD_516968_1	डामरीकरण सड़क मरम्मत विभिन्न स्थानों में	45	44,67,350/-	50,000/-	5,000/-	02 माह
04	06/04 22.06.2026	2026_UAD_516969_1	नाला व पुलिया निर्माण तिवारी ट्रेडर्स से बोनांजा स्कूल तक	12	36,44,286/-	50,000/-	5,000/-	04 माह
05	06/05 22.06.2026	2026_UAD_516970_1	आर.सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में	24	35,85,006/-	50,000/-	5,000/-	04 माह
06	06/06 22.06.2026	2026_UAD_516972_1	नाला एवं नाली निर्माण प्रसेनजीत नगर स्थित	23	35,46,367/-	50,000/-	5,000/-	04 माह
07	06/07 22.06.2026	2026_UAD_516974_1	सी.सी. रोड निर्माण बसंत विहार कॉलोनी गली नं. 03	30	30,10,828/-	50,000/-	5,000/-	03 माह
08	06/08 22.06.2026	2026_UAD_516975_1	डामरीकरण रोड कार्य विभिन्न स्थानों में	45	29,04,350/-	50,000/-	5,000/-	02 माह
09	06/09 22.06.2026	2026_UAD_516977_1	नाली निर्माण कार्य महुआ के पेड़ से महदेवा चौराहे तक	30	28,77,638/-	50,000/-	5,000/-	03 माह
10	06/10 22.06.2026	2026_UAD_516978_1	पेवर रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में	24	26,44,549/-	50,000/-	5,000/-	03 माह
11	06/11 22.06.2026	2026_UAD_516986_1	सी.सी. रोड मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानों में	24	25,51,638/-	50,000/-	5,000/-	03 माह
12	06/12 22.06.2026	2026_UAD_516988_1	सी.सी. रोड विभिन्न स्थानों में	24	21,14,786/-	42,300/-	5,000/-	03 माह
13	06/13 22.06.2026	2026_UAD_516989_1	नवीनीकरण कार्य मुक्तिधाम में	28	18,73,576/-	37,500/-	2,000/-	03 माह
14	06/14 22.06.2026	2026_UAD_516990_1	हाल निर्माण खेरमाई मंदिर एवं कोल्हामाई मंदिर परिसर में	24	18,68,455/-	37,400/-	2,000/-	04 माह
15	06/15 22.06.2026	2026_UAD_516991_1	नाली कवर / मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानों में	03	18,02,114/-	36,100/-	2,000/-	03 माह
16	06/16 22.06.2026	2026_UAD_516993_1	पी.सी.सी. White topping रोड कार्य पुष्पराज आर्य के घर से राजेश प्रजापति के घर तक	32	15,74,421/-	31,500/-	2,000/-	02 माह
17	06/17 22.06.2026	2026_UAD_516997_1	बरामदा निर्माण सॉई मंदिर के बगल में सार्वजनिक स्थल में	31	13,17,982/-	26,400/-	2,000/-	02 माह
18	06/18 22.06.2026	2026_UAD_517002_1	पेवर्स रोड निर्माण माउण्ट लिटेरा स्कूल सामने (शहीद कर्णवीर सिंह की गली) एवं सतना मैरिज गार्डेन के पीछे गली	22	13,78,185/-	27,600/-	2,000/-	02 माह
19	06/19 22.06.2026	2026_UAD_517010_1	सी.सी. रोड निर्माण अम्यूदम पब्लिक स्कूल, बालेन्द्र गौतम के घर के पास	01	13,34,280/-	26,700/-	2,000/-	02 माह

शर्तें

1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 25.06.2026 समय 15.30 से दिनांक 27.07.2026 समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम,
सतना (म.प्र.)

" स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना "

कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट जिला- सतना (म0प्र0)

Email-cmochitrakoot@mpurban.gov.in Phone: 07670-265329

क्रमांक / E-Tender. / तकनीकी शाखा / 2053 / 2026 — चित्रकूट दिनांक 25/06/2026

:: ई निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर परिषद चित्रकूट द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में वार्ड क्रमांक 01 से 15 अंतर्गत क्षतिग्रस्त मार्गो की वर्षाकाल के पूर्व मरम्मत हेतु CRM, मिट्टी, मोरम की दरे प्राप्त किये जाने के संबंध में । हेतु निम्नानुसार तालिका में वर्णित कार्यो के सम्पादन / क्रियान्वयन हेतु जिस केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म / कंसल्टेंसी से ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर नं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य की अवधि
01	2026_UAD_518112_1	वार्ड क्रमांक 01 से 15 अंतर्गत क्षतिग्रस्त मार्गो की वर्षाकाल के पूर्व मरम्मत हेतु CRM, मिट्टी, मोरम की दरे प्राप्त किये जाने के संबंध में.	20.00 लाख	15000.00/-	2000.00/-	2026-27

शर्तें:-

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर भी दिया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।
2. निविदा प्रपत्र केवल आनलाईन दिनांक 30.06.2026 को 10.30 बजे से 15.07.2026 में 17.30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकतें है ।
3. निविदा में भाग लेने वाली फर्मो का आयकर समाशोधन प्रमाण पत्र एवं वाणिज्यकर का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अधिकृत विक्रेता टिन न0 निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
4. CRM, मिट्टी, मोरम की गुणवत्ता मानक एवं निर्धारित स्पेशिफिकेशन अनुसार देय होगा ।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी । संपूर्ण दरे जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जायेगी ।
6. सामग्री न0प0चित्रकूट के तकनीकी शाखा के सक्षम अधिकारी / प्राधिकारी द्वारा निर्धारित स्थल पर पहुंचा कर उपलब्ध किया जाना होगा ।
7. निविदा अवधि में किसी भी प्रकार के शासन / प्रशासन के नियम में संशोधन लागू होने की बाध्यता रहेगी।
8. स्तरहीन सामग्री मान्य नही होगी एवं सामग्री का भुगतान 10 प्रतिशत रोककर किया जावेगा जो निर्धारित समयावधि के रूप में छः माह पश्चात् किया जावेगा ।
9. निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद के समक्ष प्राधिकारी के पास होगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट, जिला- सतना (म0प्र0)